नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **7**

V-107

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–XI) परीक्षा, 2018

लेवल – तृतीय

विषय – सुरक्षा

समय : 2 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक: 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** एवं **38** के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

खण्ड – अ

(बहुविकल्पीय प्रश्न 1 से 10 तक)

1. मानव शरीर और संपत्ति की निजी रक्षा के अधिकारों से संबंधित धारा है – $\frac{1}{2}$

(क) 76 से 95 (ख) 378 से 382

(ग) 96 से 106 (घ) 383 से 389

2. राष्ट्रीय विधि दिवस कब मनाया जाता है ? $\frac{1}{2}$

(क) 26 नवम्बर, 1949 (ख) 13 नवम्बर, 1968

(ग) 15 अगस्त, 1947 (घ) 26 जनवरी, 1950

3. भारत में सुरक्षा की श्रेणी कितने स्तरों में विभाजित है ? $\frac{1}{2}$

(क) दो (ख) चार

(ग) छः (घ) आठ

4. सुरक्षा वाहन जो मुख्य वाहन के तत्काल पीछे चलता है, कहलाता है – $\frac{1}{2}$

(क) कार कैड (ख) टेल

(ग) पायलेट वाहन (घ) एस्कॉर्ट वाहन

5. पैरों और मुट्ठी के माध्यम से आत्मरक्षा की तकनीक है – $\frac{1}{2}$

(क) ताइकवोंडो (ख) कूंग फू

(ग) जूडो (घ) कुश्ती

6. राज्य और संघ राज्य क्षेत्र में पुलिस बल का प्रधान कौन होता है ? $\frac{1}{2}$

(क) अपर महानिदेशक (ख) महानिदेशक

(ग) उपमहानिरीक्षक (घ) निरीक्षक

7. ऑपरेशन जिब्राल्टर सम्बन्धित है – $\frac{1}{2}$

(क) 1947 का भारत-पाकिस्तान युद्ध (ख) 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

(ग) 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध (घ) 1999 का भारत-पाकिस्तान युद्ध

8. पेन और कागज की अतिथि प्रबंधन प्रणाली का मुख्य लाभ है – $\frac{1}{2}$

(क) बार कोड पर आधारित है। (ख) कार्यस्थल पर भीड़ जमा नहीं होती है।

(ग) अपेक्षाकृत सस्ती है। (घ) अतिथि की पहचान आसानी से हो जाती है।

9. मानव सुरक्षा के घटकों के रूप में मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) द्वारा कितने प्रकार की सुरक्षाएँ बताई गई थीं ? $\frac{1}{2}$

(क) आठ (ख) दो

(ग) चार (घ) सात

10. तनाव का प्रथम चरण जिसमें फाइट और फ्लाइट प्रतिक्रिया होती है – $\frac{1}{2}$

(क) निःशेषण चरण (ख) प्रतिरोध चरण

(ग) चेतावनी चरण (घ) होमियोस्टेसिस चरण

खण्ड – ब

(अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न)

11. आर्म पंच किसे कहते हैं ? $\frac{1}{2}$

12. क्रेव मेगा क्या है ? $\frac{1}{2}$

13. पीएसओ (PSO) का पूरा नाम लिखिए। $\frac{1}{2}$

14. जेड श्रेणी में कितने कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है ? $\frac{1}{2}$

15. भारत में महात्मा गांधी का पहला सत्याग्रह कौन सा था ? $\frac{1}{2}$

16. एफआईआर किसे कहते हैं ? $\frac{1}{2}$

17. संयुक्त राज्य अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति का नाम लिखिए। $\frac{1}{2}$

18. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अनुसार हड़ताल का अर्थ क्या है ? $\frac{1}{2}$

19. कार्ड स्कैनर की उपयोगिता लिखिए । $\frac{1}{2}$

20. खोने और पाने की सुविधा से आप क्या समझते हैं ? $\frac{1}{2}$

21. एनसीईआरटी (NCERT) का पूरा नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

22. तनाव क्या है ? $\frac{1}{2}$

23. निजी सुरक्षा क्या होती है ? $\frac{1}{2}$

24. कोई एक प्राकृतिक आपदा का नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

25. भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा समस्या क्या है ? $\frac{1}{2}$

26. एलओसी (LOC) का पूरा नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

27. रक्षी दल कुल पुलिस दल का कितना प्रतिशत है ? $\frac{1}{2}$

28. केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल का मुख्य कार्य क्या है ? $\frac{1}{2}$

29. कसरत हमारे स्वास्थ्य को हानि से बचाने में कैसे मदद करती है ? $\frac{1}{2}$

30. किस उपकरण के उपयोग से किसी व्यक्ति के एल्कोहल ग्रहण का पता लगाया जा सकता है ? $\frac{1}{2}$

खण्ड – स

(लघूत्तरात्मक प्रश्न)

31. एक पीएसओ में कौन से गुण होने चाहिए ? (कोई तीन) $1\frac{1}{2}$

32. भीड़ पर नियंत्रण के लिए उपयोग में आने वाले संसाधनों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। $1\frac{1}{2}$

33. शस्त्र रहित मुकाबले के बुनियादी तत्त्व समझाइए। $1\frac{1}{2}$

34. नशे में डूबे व्यक्ति से निपटने के लिए किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ? $1\frac{1}{2}$

35. काम के तनाव के सामान्य कारण लिखिए। $1\frac{1}{2}$

36. प्रादेशिक या सीमा सुरक्षा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। $1\frac{1}{2}$

खण्ड – द

(निबंधात्मक प्रश्न)

37. इलेक्ट्रोनिक अतिथि प्रबंधन प्रणाली के बुनियादी घटकों का वर्णन कीजिए। **3**

38. कार्य स्थल में विवाद के कारणों को समझाइए। **3**